तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

11 कोपल राजिम भक्तिन माता सम्मान से हुई सम्मानित



12 मूलभूत सुविधाओं का लाभ देने शिविर का किया गया आयोजन





## खबर संक्षेप



### 27 ग्राम पंचायतों में पटवारी अभिनंदन प्रमाण पत्र वितरित

**मैनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्र के तहत मैनपुर तहसील में राजस्व विभाग द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित स्वामित्व योजना तथा कॅप्युट्राईजेशन और डिजिटाईजेशन ऑफ लैण्ड रिकार्ड के महत्व के सबंध में जानकारी दिया गया। राजस्व विभाग द्वारा पृथक से स्टाल लगाकर राजस्व विभाग सें संबधित आवेदन पत्र प्राप्त किये गये और मैनपुर तहसील के भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण का कार्य 99 प्रतिशत से अधिक सफलता प्राप्त कर लिये गये तहसील के 27 ग्राम पंचायतो में पटवारियों को अभिनंदन पत्र प्रमाण पत्र वितरत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उनका सम्मान किया गया।

### 10 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में सोमवार को भाजयुमों मैंनपुर मण्डल की मण्डल सशक्तिकरण एव एक दिवसीय कार्यशाला भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, मंडल महामंत्री मनोहर बघेल एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती नंदनी नेताम,भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री एव जनपद सभापति घनश्याम मरकाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति एवं केंद्र के मोदी सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर 10 युवा साथी तथा मैनपुर कला के वरिष्ठ जनों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में दो खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। प्रार्थिया शीलू चंद्राकर पति आदित्य चंद्राकर (30 साल) ग्राम गांजर निवासी ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसके ससुराल वाले उसे दहेज कम लाई है, तू गरीब घर की हैं कहकर लगातार प्रताड़ित करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हैं। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आदित्य चंद्राकर पिता धनवंतरि, सुमित्रा चंद्राकर पति धनवंतरि के खिलाफ धारा 498 ए, 294, 323, 506, 34 भादवि अपराध कायम कर जांच में लिया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत एक महिला से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया आशा श्रेष्ठा पति कृष्णा निवासी वार्ड 1 वीरेंद्र नगर ने पुलिस को बताया कि आरोपी शंकर श्रेष्ठा पिता कृष्णा ने उसके साथ घर के आंगन में मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब जब्त

**महासमुंद।** दो महिलाओं के पास से बसना पुलिस ने शराब जब्त किया है। पहले मामले में पुलिस ने भूमिसुता यादव पति राजेश यादव (42 साल) निवासी खेमड़ा के घर के पीछे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया। वहीं रुकजी पांडे पति मनबोध पांडे (34 साल) निवासी गोडमर्रा के घर के आंगन से 3000 एमएल महुआ शराब को जब्त किया है। दोनों मामलों में धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# बंगाल की खाड़ी से आ रही गर्म हवा, आज अंचल में छाये रहेंगे बादल

## बादलों ने रोकी ठंड, तापमान बढ़ा, घना कोहरा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त गर्म हवा के कारण अंचल के न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। गर्म हवा के प्रभाव से जहां पारा 1-2 डिग्री चढ़ गया है वही नमी के कारण जिले के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हुई है। मौसम में हुए इस बदलाव के चलते पारे और धुंध में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि कल भले ही मौसम साफ था मगर आज मंगलवार से फिर आसमान पर बादल छाये रहेंगें। इससे कही पर भी भारी या सामान्य बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी। मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी-खासी और बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं, जिससे हॉस्पिटलो में भीड़ देखी गई है।

क्षेत्र के मौसम में इन दिनों उतार चढ़ाव का दौर जारी है, ना सिर्फ न्यूनतम बल्कि अधिकतम तापमान में भी दो दिनों से वृद्धि है जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक वृद्धि हुई है हालांकि अधिकतम तापमान में मामूली ही वृद्धि हुई है। तापमान में पुनः गिरावट 10 जनवरी से शुरू होगी, बंगाल की खाड़ी से आ रही गर्म व नमीयुक्त हवा के कारण नमी 82 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अधिकतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक है, वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4 प्रतिशत तक ज्यादा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था। पिछली रात क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



### आसमान साफ होने के बाद बढ़ेगी ठंड

अंचल में अगले दो दिनों ठंड के बढ़ने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में मौसम में बदलाव दो-तीन दिन बाद होने की गुंजाइश बन रही है, हवा की दिशा बदलेगी और आसमान साफ होने से ठंड की वापसी होगी।



## संकल्प यात्रा : हितग्राहीमूलक योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को मिला लाभ

# जिले की 175 ग्राम पंचायतों में पहुंची संकल्प यात्रा, हजारों हितग्राही योजना से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के पांचों विकासखंड के 336 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसका जिला स्तरीय शुभारंभ 16 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बारूका में किया गया। इसके उपरांत प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अब तक 175 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंच चुकी है। जिसके तहत हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। बता दे कि अब तक गरियाबंद विकासखण्ड के 35, छुरा के 40, फिंगेश्वर के 38, मैनपुर के 32 एवं देवभोग विकासखण्ड के 30 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें लगभग 1 लाख 86 हजार 261 नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए है और भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया। संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार की ▶▶|शेष पेज 10 पर







### मातृ वन्दना योजना के मिले 450 आवेदन

इसके अलावा बैंकिंग सुविधाओं के माध्यम से कुल 1321 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं 1373 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे पंजीयन किया गया। सतत कृषि के अंतर्गत 1667 नवीन हितग्राहियों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हेतु पंजीयन किया गया है। केसीसी हेतु 1219 किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त किये गये। साथ ही सभी 175 स्थलों पर स्वाइल हेल्थ कार्ड डेमोस्ट्रेशन एवं प्राकृतिक खेती पर संवाद किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत के प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के 450, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के 850, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के 47 आवेदन प्राप्त हुए है।



### आगे आकर योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राही

और सभी आवेदन स्वीकृत एवं पंजीकृत किये जा चुके हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 10 हजार 668 महिलाओं, 8195 छात्र-छात्राओं, 3332 स्थानीय कारीगरों एवं 4209 स्थानीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा चुका है। इसी तरह ग्राम पंचायत के उपलब्धियों के तहत 161 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत भूमि अभिलेख का डिजिटलीकरण, 31 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड संतृप्तीकरण, 11 ग्राम पंचायतों में ओडीएफ प्लस मॉडल एवं 8 ग्राम पंचायतों को हर घर जल संतृप्ता के तहत अभिनंदन पत्र वितरित किया गया। जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्राप्त हितग्राहियों के परिवार साथ-साथ आम नागरिक संकल्प यात्रा में खुशी एवं उत्साह के साथ भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ आगे आकर ले रहे हैं।



### ग्राम सभा में मौजूद लोगों ने रखी मांग



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में विशेष ग्राम सभा के आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। जानकारी के मुताबिक 2011 के सर्वे सूची में 265 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का नाम सरपंच प्रीतराम देवांगन ने सुनाया। पात्र लोगों का अनुमोदन किया गया। जनपद पंचायत सदस्य डॉ गिरीश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रयास किया जाएगा ताकि सभी गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सके। इस विशेष ग्राम सभा में मौजूद लोगों ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन तथा विकलांग पेंशन की मांग रखा। ग्राम सभा में उपसरपंच सेवक बांधे, ग्रामीण अध्यक्ष कोमल सिन्हा, डॉ. चुम्मन साहू, प्रहलाद ध्रुव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# नौकरी नहीं स्वरोजगार के लिए हों प्रेरित : इन्द्रकुमार





## हरिहर शाला के लइका मड़ई में शामिल हुए विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

अंचल के 67 साल पुराने हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय में आज लईका मड़ई सहित वार्षिकोत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम से प्रसन्न हो विधायक श्रीसाहू ने नगद पुरस्कार से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक श्रीसाहू ने विद्यालय में विद्यार्थियों व्दारा प्रस्तुत छत्तीगढ़ी मड़ई की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि शहरों में भी छत्तीसगढ़ी परंपरा की जानकारी विद्यार्थियों को होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस संस्था में होनहार विद्यार्थियों की कमी नहीं है। इस विद्यालय में विद्यालयीन कार्यक्रमों के अलावा नगर के कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है इसलिए इस संस्था का विकास करने में मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि नगर की समस्याओं के लिए एक समिति गठित कर मैं स्वयं आम जनता के सहयोग से नगर का विकास किया जायेगा। उन्होंने शाला में दी जाने वाली शिक्षा, सिर्फ नौकरी पाने के लिए नहीं होती। इससे छात्र स्वरोजगार की ओर भी प्रेरित होते हैं। इस दौरान साइंस से चेष्टा एंड ग्रुप द्वारा राममय सुंदर प्रस्तुति दी गई इस दौरान सम्पूर्ण शाला अयोध्यामय हो गया। इसी कड़ी में पंथी के छात्रों द्वारा भी आकर्षक प्रस्तुति दी गई। साथ ही राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया। इसके लिए शाला की प्राचार्य संध्या शर्मा ने सभी स्टाफ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# मौत की जांच पर कोताही, ध्रुव गोड़ ने दी थाने घेराव की चेतावनी, कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज फिंगेश्वर राज 84 द्वारा 11 जनवरी को फिंगेश्वर थाना का घेराव, प्रदर्शन एवं चक्काजाम जैसा बड़ा आंदोलन किए जाने का एलान किया गया है। वहीं इस संबंध में कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा गया है।

पूरन ध्रुव ने बताया कि 13 नवंबर 2023 को स्व. नेमसिंग ध्रुव पिता स्व. गुलाप राम ध्रुव ग्राम सेंदर के साथ स्थानीय सेंदर ग्राम के पांचों व्यक्तियों के द्वारा गौरा-गौरी विसर्जन के समय मारपीट किया गया है। जिसके कुछ देर बाद उनकी तबियत बिगड़ गई। जिसे फिंगेश्वर स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां पर स्थिति अत्यंत गंभीर बता जिला अस्पताल खरोरा महासमुंद रिफर कर दिया है। जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जिसकी सूचना तत्काल 14 नवंबर 2023 को दूसरे ही दिन थाना फिंगेश्वर में रिर्पोट दर्ज कराने परिजन एवं गांव वाले के द्वारा पहुंचा गया। इस पर थाना प्रभारी फिगेंश्वर के द्वारा पीएम रिर्पोट एवं केस डायरी आने पर रिर्पोट दर्ज किया जायेगा कहकर वापस भेज दिया। घटना की प्रत्यक्षदर्शी की गवाही के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रहा है। जिससे समाज आक्रोषित है।

इस कारण निर्णय लिया गया है कि केशराम साहू एवं अन्य चार आरोपियों के ऊपर एसटीएसटी एक्ट एवं जान से मारने की धारा 302 की कार्यवाही कर तत्काल गिरफ्तार नहीं करती है,तो इसके विरोध में दिनांक 11 जनवारी को उग्र धरना-प्रदर्शन, फिंगेश्वर थाना घेराव एवं चक्काजाम किया जाना तय किया गया है। कार्यवाही की मांग करने वालो में प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव समाज पन्ना ध्रुव, सरक्षंक पुरन ध्रुव, समाज ▶▶|शेष पेज 10 पर

## आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में मतदाताओं को किया गया जागरूक

# ईवीएम वोटिंग प्रक्रिया की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के द्वारा वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय सहित जिले के तहसील कार्यालयों में भी ईवीएम डेमोस्ट्रेशन मशीन लगाई गई है। इससे कार्यालय आने वाले लोगों को वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। मशीन के पास कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई है। जिससे आमजन सरल और स्थानीय भाषा में ईवीएम से वोट डालने की जानकारी ले रहे हैं। ईवीएम डेमोस्ट्रेशन मशीन कलेक्ट्रेट कार्यालय गरियाबंद सहित छुरा, गरियाबंद, देवभोग, फिंगेश्वर, राजिम एवं मैनपुर तहसील कार्यालय में लगाई गई है।





**लोग हो रहे जागरूक-** जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने पास के ही तहसील कार्यालय में जाकर ईवीएम और वीवीपैट से मतदान सम्पन्न कराने के बारे में जानकारी मिल रही है। लोगों को मशीन के द्वारा अपने पसंदीदा उमीद्वारों को बटन दबाकर वोट डालने के पश्चात वीवीपैट मशीन में वोट डाले गये प्रत्याशी के निर्वाचन चिन्ह की जानकारी मिल रही है। इसके माध्यम से ईवीएम मशीन का आसानी से उपयोग करने के बारे में लोग जागरूक हो रहे हैं। जिससे मतदाताओं को मतदान दिवस में वोटिंग करने में आसानी होगी।



### सरकड़ा में मड़ई मेला आज

**पाण्डुका।** ग्राम सरकड़ा मे समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से आज मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि आशुतोष दीवान, राजीव दीवान (पूर्व जिला पंचायत सदस्य रायपुर) और अध्यक्षता चन्द्रप्रकाश तिवारी (श्री सांई फ्यूल्स सरकड़ा) विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी अरुण साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, बुंदा साहू सभापति महिला एवं बाल विकास जनपत पंचायत छुरा, लालजी दीवान आबकारी विभाग गरियाबंद, ताम्रध्वज दीवान सरपंच, चूड़ामणि साहू उपसरपंच रहेंगे। वही रात्रिकालीन न्यू सरगम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम तेंदवा कोड़ापार (अभनपुर) का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी बाबूलाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष सरकड़ा ने दी।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का कैलेंडर बीएमओ ने किया विमोचन

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत सिरपुर के आश्रित ग्राम कनपला में बीएमओ डॉ एचएल जांगड़े, सरपंच दीपा पटेल की मौजूदगी में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के बीईटीओ टीआर धृतलहरे, एमआई संकीर्तन बुड़ेक, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ सरायपाली के ब्लाक अध्यक्ष डोलामणी भोई, सचिव विनय कुमार बारीक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संदीप साहू, सुशीला विभार, रुपेश साहू, यशपाल पटेल, मायावती चौहान उपस्थित रहे।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय तथा अन्य विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में बोरियाखुर्द निवासी प्रशांत सोनी तथा कोतवाली निवासी उत्तम नेताम को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों के अलावा एक अन्य आरोपी पिंकी कौर के खिलाफ सात लोगों ने नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख रुपए ठगी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### एग्रीमेंट का पैसा मांगने पर महिला के साथ मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक महिला ने एक परिवार के तीन लोगों के खिलाफ एग्रीमेंट के पैसे वापस मांगने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डगनिया में किराए का मकान लेकर रह रही शिवानी शर्मा ने सौरभ दुबे की मां, उसकी बहन तथा पत्नी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिवानी ने पुलिस को बताया कि मकान किराए पर लेने के लिए एग्रीमेंट करने के दौरान 80 हजार रुपए दिए थे। मकान खाली करने के समय पैसे वापस मांगने पर उसके साथ इन लोगों ने मारपीट की।

### बाइक गिरने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में घर के सामने खड़ी बाइक गिरने के विवाद में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तरुण नगर निवासी सोनिया साहू ने ट्विंकल सेन तथा तीन अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सोनिया ने पुलिस को बताया कि ट्विंकल तथा अन्य ने अपने घर के सामने खड़ी बाइक गिरने के नाम पर उसके साथ मारपीट की। ट्विंकल ने सोनिया के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### घरेलू विवाद के चलते भाई-भाभी ने की पिटाई

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने अपने भाई तथा भाभी के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शांतिनगर निवासी एस. मंजू ने अपने भाभी पी. पद्मावति तथा भाई पी. प्रभाकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके भाई तथा भाभी ने घरेलू विवाद के चलते उसके साथ मारपीट की है।

### गांडा समाज का चिंतन शिविर गिरौदपुरी में आयोजित

**सरायपाली।** सर्व गांड़ा समाज महासमुंद का एक दिवसीय चिंतन शिविर बैठक बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी में आहूत की जा रही है। बैठक में जिला संरक्षक केएल नंद, जिलाध्यक्ष केआर मुकर्जी सहित सभी जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### नारायणी देवांगन

**नवापारा-भेण्डरी।** नारायणी देवांगन उम्र 85 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम



संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में समाज के लोगों के अलावा गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे सरपंच प्रीतराम देवांगन की बड़ी मां, यादराम देवांगन, मुरारी देवांगन, गैंद देवांगन, चैन देवांगन की मां थी।

## निर्देश : राशन कार्डों की ई-केवाईसी कार्य तेजी से करें पूर्ण

# अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर करें कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर ने खाद्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में धान खरीदी, धान मीलिंग, खाद्यान्न उपलब्धता, राशन कार्ड ई-केवाईसी एवं राशन दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए बनाये गये निगरानी दल की भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने जिले में बनाये गये चेकपोस्ट और चेकपोस्ट में ड्यूटी लगाये गये अधिकारी-कर्मचारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी निगरानी दल को सक्रिय कर गंभीरतापूर्वक सतर्क रहने के निर्देश दिये। जिससे अवैध धान के परिवहन न हो सके। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में कहीं भी अवैध धान का परिवहन नहीं होना चाहिए। परिवहन करते पाये जाने पर जिम्मेदारों पर जवाबदारी तय की जायेगी। कलेक्टर ने अभी तक अवैध धान के संबंध में बनाये गये प्रकरणों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए इस संबंध में प्रतिदिन रिपोटिंग की भी जानकारी देने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरू, डीएमओ अमित चन्द्राकर, जिला प्रबंधक नान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



### छुटे हुए राशन कार्डों की ई-केवाईसी तेजी स पूर्ण कराएं

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में धान के मीलिंग और एफसीआई तथा नान में चावल जमा करने की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में मौजूद राशन कार्डो की ई-केवाईसी के बारे में भी जानकारी लेकर छुटे हुए राशन कार्डो के तेजी से ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राशन दुकानवार डाटा लेकर लक्ष्य निर्धारित कर छुटे हुए राशन कार्डो का ई-केवाईसी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के शासकीय राशन दुकानों में चावल, शक्कर, नमक एवं चना आदि खाद्यान्न सामग्रियों के भण्डारण के बारे में भी जानकारी लेकर सभी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में राशन भण्डारण करने के निर्देश दिये।

# 199 पीवीटीजी बसाहटों में लगाए जा रहे शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ देने विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर को समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों, परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। जिस हेतु 9 मंत्रालयों, विभागों की मौजूदा योजनाओं के साथ 11 बिन्दुओं को शामिल किया गया है। पीएम-जनमन योजनांतर्गत गरियाबंद जिले के 199 बसाहटों को चिन्हांकित कर प्रत्येक पीवीटीजी बसाहटों में सभी शासकीय विभागों के द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशा अनुरूप प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, पीएम-किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, हर घर नल, विद्युतिकरण, सड़क, वन अधिकार पट्टा, पीएम - मातृत्व वंदना योजना, पीएम-कौशल विकास योजना, पीएम-विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो कि चिन्हांकित 199 पीवीटीजी बसाहटों में जारी रहेगा।

# लोगों के बेहतर इलाज के लिए आयुष्मान योजना प्रारंभ की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए पूर्व सांसद

पूर्व सांसद चंदूलाल साहू एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तर्रा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सभी अतिथियों ने मंच से लोगों को 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर विकसित देश बनाने का संकल्प दिलाया। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके घर तक आकर आपको योजनाओं का लाभ दे रही है। एक वक्त था जब चूल्हे पर खाना बनाने में महिलाओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी चिंता कर उज्ज्वला योजना प्रारंभ की। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि बीमार लोगों के बेहतर इलाज के लिए आयुष्मान योजना प्रारंभ की। इस अवसर पर कमलेश साहू, टूमन साहू, डॉ. मानिक साहू, संतोष,नेपाल साहू, चेमन साहू, ग्वाल तारक, लखन पटेल, फेरहा राम, अश्वनी साहू सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।



### समस्याओं से विधायक ध्रुव को कराया अवगत

**छुरा।** बिन्द्रानवागढ विधान सभा के विकास खंड छुरा के विभिन्न समस्याओं को लेकर नवनिर्वाचित क्षेत्रिय विधायक जनक ध्रुव से स्थानीय विश्राम गृह छुरा में सौजन्य मुलाकात कर अवगत कराया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष व जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर, रसेला क्षेत्र वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर चिराग अली, जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकार, सेवा दल के प्रमुख नियाज अली, वरिष्ठ कॉंग्रेस कार्यकर्ता डॉं वाय के चन्द्राकर,मन्नू महाराज छुरा प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### ग्राम सभा के अध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण



**छुरा।** ग्राम सभा के अध्यक्षों का एकदिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत के सभागार में किया गया,। जिसमें 12 पंचायत है, दुल्ला, खैर झिठि, मड़ेली, रानी परतेवा, पिपराही, मोगरा, चरोदा मुड़ागांव, कन सिंघी, साजापाली, भेसा मुड़ा के लगभग 56 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी के लिए भोजन, पेन, डायरी, पानी बोतल, प्रमाण पत्र, स्टेशनरी पठान पाटन सामग्री का वितरण किया गया। प्रशिक्षक के रूप में आशा बरिहा, संकाय सदस्य एवं हेमलाल कंवर सहायक विस्तार अधिकारी के द्वारा दिया गया, जिसमें पेसा कानून से संबंधित है आवश्यक जानकारी प्रदान की गई ।

# स्टार इलेवन पाटसिवनी व गोंड़वाना लायंस कोसमी सेमीफाइनल में पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रथम बार आयोजित छुरा ब्लाक शासकीय शिक्षक प्रीमियर क्रिकेट लीग मैच के अगले दौर का पांच मैच मिनी स्टेडियम छुरा में सम्पन्न हुआ। समस्त संकुलों के क्रिकेट प्रेमी शिक्षकों द्वारा खेले जा रहे इस प्रतियोगिता में स्टार इलेवन पाटसिवनी ने अपने ग्रुप के चारो मैच जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। साथ ही गोंडवाना लायंस कोसमी तीन मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान बनाने वाली दूसरी टीम बनी। ग्रुप अ का प्रथम मैच स्काई स्टार्स पेण्ड्रा व दुल्ला सुपर किंग्स के मध्य खेला गया पेण्ड्रा ने 93 रन बनाये इस रोमांचक मैच को दुल्ला ने अंतिम गेंद पर छक्का मारकर जीत लिया 7 विकेट से जीता मैन आफ द मैच पूनम चंद्राकर बने दूसरा मैच इलेवन स्टार पाटसिवनी और गुरुदेव एकादश अंचल पांडुका के मध्य खेला गया जिसे पाटसिवनी ने 33 रन से जीता मैन आफ द मैच सूरज साहू रहे। तीसरा मैच दुल्ला सुपर किंग्स और गोंडवाना लायंस कोसमी के बीच खेला गया जिसे कोसमी ने 7 विकेट से जीता मैन आफ द मैच कप्तान पंकज साहू रहे। चौथा स्काई स्टार्स पेण्ड्रा और गुरुदेव एकादश अंचल पांडुका के मध्य खेला गया जिसे पेण्ड्रा ने 27 रन से जीता प्लेयर आफ द मैच दिनेश मरकाम रहे पांचवा मैच इलेवन स्टार पाटसिवनी और गोड़वाना लायंस कोसमी के मध्य खेला गया जिसे पाटसिवनी ने 28 रन से जीता मैन आफ द मैच रामप्रसाद साहू रहे। मैच का शुभारंभ सामुहिक राष्ट्रगान से किया गया। अम्पायर स्कोरर रनिंग कमेंट्री और संचालन के रुप में हीरालाल साहू,मंगलमूर्ति सोनी, यादराम साहू, खेमचंद देवांगन, यूनूस खान, उमेश ढीढी, संजीत निषाद, रामेश्वर ध्रुव, झामेश्वर ध्रुव, अविनाश वर्मा, बालाजी नेताम, राजकुमार लहरे, पंकज साहू, पूनम चंद्राकर, चन्द्रभान साहू, देवेन्द्र सिन्हा आदि ने सहयोग किया। मैन आफ द मैच पुरस्कार वितरण में प्रदीप पांडे, विनोद देवांगन, ललित वर्मा, दीनबंधु वैष्णव, विनोद चंद्राकर ने उपस्थित होकर अमूल्य योगदान दिया।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक मानिक और देवनाथ का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

संकुल केंद्र बेलटुकरी के प्रधानपाठक मानिक साहू एवं आबादी पारा बेलटुकरी स्कूल के देवनाथ साहू के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, बीईओ चंद्रशेखर मिश्रा, बीआर हिरवानी, नारायण सेन, पुरुषोत्तम निषाद ने कहा कि शिक्षक वह वृक्ष है जिसमें विद्यार्थी रूपी पौधा पल्लवित और पुष्पित होता है। शिक्षक समाज का दर्पण होता है। सेवानिवृत्त शिक्षक मानिक साहू तथा देवनाथ साहु ने कहा कि आप सबका सहयोग और प्यार हमें हमेशा मिला है। कार्यक्रम में अनिल मेघवानी,अरुण प्रजापति, रुपलाल साहू, किशोर निर्मलकर, नेमुराम साहू ,पुरुषोत्तम साहू ,योगेश वर्मा ,दीप्ति मिश्रा ,संध्या, मीरा यादव ,होरी लाल ,रामकुमार, दीनदयाल साहू मौजूद थे। इन दोनों को संकुल परिवार द्वारा शाल श्रीफल एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मनित किया गया।

### पुलिस व सैन्य सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं ने की विधायक से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले पुलिस भर्ती एवं केंद्रीय बलो की भर्ती के लिए युवाओं को निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण देने के लिए राज्य पुलिस व सैन्य सेवा के लिए तैयारी कर रहे युवाओं ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। युवाओं ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि वे लगातार 4 वर्षों से पुलिस व अन्य सैन्य विभाग के लिए तैयारी कर रहे है, लेकिन उचित मार्गदर्शन व प्रशिक्षण नहीं मिल पाने के कारण हर बार कुछ अंकों से विफल हो हो रहे है। विधायक सिन्हा ने युवाओं को बताया कि वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा 5967 पदों पर छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती व एसएससी एवं आर्मी अग्निवीर के माध्यम से केंद्रीय बल के लिए 15000 से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसके लिए विधायक सिन्हा ने सभी युवाओं को अपनी शुभकामनाएं दी है और आश्वस्त किया है कि उन्हें बेहतर व निःशुल्क प्रशिक्षण महासमुंद विधानसभा के तीन स्थान महासमुंद, तुमगांव, झलप या पटेवा में से एक स्थान में मिलेगा। जिसके लिए उन्होंने तत्काल प्रशिक्षण एवं देखरेख के लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। मुलाकात के दौरान टिकेश्वर साहू,मनोज डडसेना, घनाराम साहू, जागेश्वर साहू, राहुल चंद्राकर, दुर्गेश साहू, योगेश सोनवानी, आदित्य साहू, मोनू ठाकुर, चांद ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## गर्म कपड़े खरीदने पहुंचे लोग...



**मैनपुर।** वनांचल क्षेत्र में लगातार ठंड बढता ही जा रहा है। वहीं सोमवार को सप्ताहिक बाजार मैनपुर में गर्म कपडा खरीदने लोगों की भारी भींड देखने को मिल रहा है।

# कनकेवा में विधायक ने किया गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई गणतंत्र यात्रा का सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने ग्राम कनकेवा में शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्कूल से रैली निकाल कर गांव का भ्रमण करते हुए चौक पहुंची, जहां विधायक की उपस्थिति में कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल ने ध्वजारोहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार को जन जन तक पहुंचाने के लिए हम गणतंत्र यात्रा निकाल रहे है। इस यात्रा के माध्यम से बापू के विचारधारा को आम जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर सरपंच क्षीर बाई पटेल, प्रधान पाठक केजुराम पटेल, कांग्रेस नेता महेंद्र वैष्णव, दूधनाथ साहू, श्रवण पटेल, हेतराम पटेल, अरमान हुसैन समेत कांग्रेस कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे। बता दें कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विधायक चातुरी नंद ने अनूठी पहल करते हुए 8 से 26 जनवरी तक गणतंत्र यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विधायक की इस नवाचार पहल की सभी ओर प्रशंसा हो रही है। क्षेत्र के ग्राम लाखनपाली में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, लुकापारा, बरिहापाली सरायपाली शहर कांग्रेस अध्यक्ष नारायण आदित्य के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई।

## पेज 9 के शेष...

### जिले की 175 ग्राम ....

जनकल्याणकारी योजनाओं से 16 हजार 567 लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपनी सफलता की कहानी स्वयं कह कर अन्य ग्रामीणों को भी पात्रता अनुसार अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इन सभी 175 कार्यक्रमों में स्वसहायता समूहों के सदस्यों, ग्रामीणों, स्कूली छात्र - छात्राओं द्वारा धरती के पुकार का प्रदर्शन किया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल पर ही सर्विसेस उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्यक्रम में अब तक 1 लाख 5 हजार हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण, 86 हजार 917 हितग्राहियों का टीबी परीक्षण, 28 हजार 438 हितग्राहियों का सिकल सेल परीक्षण, स्क्रीनिंग करते हुए कुल 2374 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। खाद्य विभाग द्वारा 4457 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री उज्वला योजना में पंजीयन किया गया है। मेरा भारत वॉलिन्टियर के लिए कुल 3139 युवाओं का पंजीयन किया गया है।

### मौत की जांच...

के सचिव मलेशूराम ध्रुव, उपाध्यक्ष केदार प्रसाद ध्रुव संगठन मंत्री गंगाराम नेताम,समाज के कोषाध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव, सहसचिव डोमार ध्रुव,आनंदराम ध्रुव तीजराम ध्रुव, भानुप्रताप ध्रुव, शिवराम ध्रुव,कोमन सिंह ध्रुव, कृष्णकुमार ध्रुव, पुरानिक ध्रुव सहित समाज के पदाधिकारी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए विकास के रास्ते खुले

**महासमुंद।** भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के नए रास्ते खुलेंगे। अब उनके घर और बस्ती तक अधिकारियों की पहुंच से समस्याओं के समाधान सुलभ होगा। इस योजना के तहत भारत सरकार के लगभग 22 योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। सबको पक्का घर, हर घर में नल, घर तक बिजली, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, आजीविका सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ इन्हें मिलना सुनिश्चित होगा। जिले के तीन विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा में कमार जनजाति निवासरत है। इनमें महासमुंद के 41 ग्रामों में 461 परिवार जिनकी कुल संख्या 1687 है, निवास करते है। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड के 32 गांवों में 390 परिवार निवास करते है, जिनकी संख्या 1385 है। पिथौरा विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में 44 परिवार 168 सदस्यों के साथ निवासरत है। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी सहित छत्तीसगढ़ी बोली में दीवार लेखन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, ऐसे 275 पारा-टोलों में दीवार लेखन किया गया है।

कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने के लिए अभी तक जिले में 26 शिविरों का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना निर्धारित कर पीवीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

## भागवत कथा: ग्राम सिर्रीखुर्द में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन

# भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम सिर्रीखुर्द में जन कल्याण सेवा मित्र मंडली द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है। पहले दिन बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गंगा तट तक गई और वेदी पूजा की कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी। पूर्वाह्न तक यह भीड़ बढ़ती गयी । कलशों में लाए गए जल से ही वेदमंत्रोच्चारण के साथ यज्ञशाला का शुद्धीकरण किया गया। बेदी पूजन कर कलश स्थापित किए गए। श्रीमद भागवत कथा में दूसरे दिन गुरुवार को कथावाचक पंडित कृष्णकांत शास्त्री जी ने सुखदेव जी के जन्म का वर्णन किया। शास्त्री जी ने बताया कि शुकदेव जी का जन्म भी एक रहस्यमय तरीके से हुआ था। उन्होंने कहा की जब भगवान शिव पार्वती को अमर होने की कथा सुनाने लगे तो पार्वती माता को हुंकारे भरते - भरते उन्हें नींद आ गई। जब शिव अमरत्व की कथा पूरी हुई तो शिव जी ने देखा कि पार्वती माता तो सो रही है, फिर ये हुंकार कौन भर रहा था। उसके बाद भगवान शिव ने देखा की एक तोता वहां बैठा है, जो हुंकारे भर रहा रहा था। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र, कपिल भगवान तथा सती माता का वर्णन किया गया। मथुरा-वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक ओमप्रकाश महाराज ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि ध्रुव भगवान ने साढ़े चार साल की उम्र में भगवान की भक्ति कर भगवान के साक्षात दर्शन कर अमर पद प्राप्त किया। भगवान कपिल ने अपनी अपनी मां को सांख्यिकी शास्त्र का उपदेश दिया था।

**प्रहलाद ने ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी-** पंडित कृष्णकांत शास्त्री ने भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है उन्होंने कहा कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकती। राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी। सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद ने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए, प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया।



**कथा सुनने से जीव को मोक्ष की होती है प्राप्ति**

भागवतकथा में कथा वाचक प .कृष्णकांत शास्त्री ज ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए प्रभु राम व कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। पाठक ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। राम जन्म के प्रसंग के दौरान श्रीराम विवाह प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मां सीता के विवाह के लिए हो रहे धनुष यज्ञ प्रकरण के दौरान जब कोई भी राजा धनुष नहीं तोड़ पाए तो जनक जी परेशान हो गए। इसके बाद गुरू विश्वामित्र जी बोले हे राम उठो और धनुष को तोड़कर जनक के दुख को दूर करो। गुरू की आज्ञा पाकर भगवान राम उठे और धनुष को तोड़ दिया। कथा में भक्तों को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई।

## कोपल राजिम भक्तिन माता सम्मान से हुई सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कोपल साहू को राजिम भस्तित माता जयंती के अवसर पर प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहु के द्वारा सम्मान किया गया। कुमारी कोपल साहू डॉक्टर तुकेश्वर साहु व ममता साहू पचपेड़ी की बेटी है।

वहीं प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहु प्रदेश उपाध्यक्ष भूनेश्वर लाल साहू, विधायक राजिम रोहित साहु, मोतीलाल साहु, संदीप साहु, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष बाला साहू कार्यकारी अध्यक्ष, महेन्द्र साहू पांडुका परिक्षेत्र अध्यक्ष विरेन्द्र साहु (शिक्षक) उपाध्यक्ष गुलाबबाई , धीरपाल साहु, ईश्वरसाहु अमल, लोक मोक्ष सुरेन्द्र, रोशनी वंशबीर, बंशीलाल, डॉक्टर दीपक ऋतु साहू, बिन्दु साहू, डॉ. मनोज ईदु, संजय साहू, भूपेन्द्र साहू आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नव कलेक्टर से मुलाकात की



**गरियाबंद।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स)छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस जिला गरियाबंद के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद से सौजन्य मुलाकात कर स्वागत किया। कलेक्टर साहब द्वारा सभी पदाधिकारियों का परिचय लेकर शिक्षा के क्षेत्र में सभी को अच्छा कार्य करने बोला गया। सभी पदाधिकारियों ने जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अपने विद्यालय में आमंत्रित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने आश्वत किया गया। मुलाकात करने वालों में जिला अध्यक्ष अजाक्स संजय कुमार एक्का, जिला महामंत्री एवं जिलाअध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस भागचंद चतुर्वेदी, जिला सचिव अजाक्स लोकेश्वर सोनवानी, शिक्षक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश देवांगन जिला सचिव प्रेमदास मार्कण्डेय, प्रमोद कुमार झा उपस्थित रहे।

### आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, विक्रेता श्रीमती किरण काबरा पति दिपेश काबरा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बगदेही प.ह.नं.46 रा.नि.मं. नवापारा व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 19/106, 19/107 रकबा क्रमशः 0.014 हे., 0.014 हे. कुल रकबा 0.028 हे. भूमि को मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का सौदा किया है तथा अग्रिम ब्याना राशि मेरे पक्षकार को अदा कर दिया है. केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है। अतः उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, निकाय, पंचायत, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार का कोई भी आपति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर मय सुसंगत दस्तावेज के साथ पेश करें। बाद म्याद मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष पर निष्पादित करवा लेगा। तपश्चात प्रस्तुत आपति शून्य एवं अवैध होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

राजिम दिनांक 08/01/2024

**भवदीय**
**यानेन्द्र सिन्हा अधिवक्ता**
**पता- अधिवक्ता कार्यालय**
**तहसील आफिस के सामने राजिम**
**तह. राजिम जिला गरियाबंद**
**मो.नं. 9977532394**

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत यात्रा शिविर में लिया संकल्प

**अभनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सलोनी पहुंची। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू, जिपं.सीईओ विश्वदीप सिंह तथा जनपद सीईओ राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, जनपद सदस्य सूरज साहू एवं सरपंच ईशुप्रसाद नारंग उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सलौनी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, पंचायत एवं मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्यानिकी सभी विभागों का स्टाल लगाया गया था। शिविर में विधायक श्री साहू द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, उज्जवला योजना, आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुषमान कार्ड योजना एवं अन्य सभी विभागों से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दिया गया साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 2047 तक भारत देश को विकसित भारत बनाने हेतु संकल्प लिया।

### झलप में मनाई गई माता राजिम की जयंती

**महासमुंद।** साहू समाज झलप परिक्षेत्र के ग्राम झलप साहू सदन भवन में माता राजिम जयंती मनाई गई। पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभापति डुमन लाल साहू ने अपने वक्तव्य में माता की जीवनी को विस्तृत रूप से समाजजनों के बीच में बताया। अतिथि में भागीरथी मार्कंडेय, कौशल देवांगन, अतुल गुप्ता, राकेश साहू, बलदेव साहू, हेमंत साहू, जगत राम साहू, तुलसी राम साहू, चैतराम साहू, फगुवा साहू, नंद कुमार साहू, गणेश राम साहू, परस राम साहू, ओम प्रकाश साहू, दिनेश्वर साहू, जीतू साहू, अनिकेत साहू, हरिराम साहू, भुवन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

### जूनियन बॉयस हैंडबाल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** राजस्थान के करौली में 9 जनवरी से 13 जनवरी तक होने वाले 46वां जूनियर बॉयस हैंडबॉल चैंपियनशिप में महासमुंद के सीनियर खिलाड़ी अजय कुमार का चयन टीम के कोच एवं महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के तीन खिलाड़ी आदित्य चंद्राकर, उदय मंडल, सीबतैन रजा का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर जिला हैंडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण स्पर्धा कल

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के उपलक्ष्य में 10 जनवरी को महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में जिला स्तरीय भाषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी ने बताया है कि माय भारत-विकसित भारत @2047 विषय पर प्रतियोगिता होगी। जिसमें प्रतिभागियों की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए, वह जिले का निवासी होना चाहिए। भाषण की अवधि 7 मिनट रहेगी। भाषण का माध्यम हिंदी अथवा अंग्रेजी होगा। प्रथम विजेता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 100000 रुपए, द्वितीय 50000 रुपए तथा तृतीय स्थान रहने वाले दो विजेता को 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### गोस्वामी समाज के कैलेंडर का विमोचन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा समाज के कैलेंडर का विमोचन आमसभा में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती ने जिला इकाई द्वारा किए जा रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य ना सिर्फ महासमुंद जिले में बल्कि पूरे प्रांत में पहली बार हो रहा है। सभा को प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि, जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, संगठन सचिव शंकर पुरी, वरिष्ठ सदस्य नारेंद्र प्रकाश गिरि ने भी संबोधित किया। बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

# स्वास्थ्य शिविर में 440 मरीजों का उपचार कर वितरित की गई दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ स्वास्थ्य शिविर से क्षेत्र के लोगों को मिला लाभ

तहसील मुख्यालय मैनपुर दुर्गा मंच में सोमवार को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने पुजा अर्चना व द्वीप प्रज्जवन कर किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोला जगत, एम.युसुफ मेमन, थानुराम पटेल, मुकेश कुमार, होम्योंपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन बगाची, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान विशेष रूप से उपस्थित थे। आयुष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लोगो में आयुर्वेद पध्दति के उपचार के प्रति विश्वास बढा है, कोरोना संक्रमण काल के दौरान आयुर्वेद विभाग द्वारा क्षेत्र में काढा, का वितरण किया गया, अब लोग अपनी बीमारियों को लेकर आयुर्वेदिक अस्पताल बडी संख्या में पहुचने लगे है। श्री शर्मा ने कहा कि होम्योंपैथी अस्पताल में भी लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने लगी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने कहा कि आज यहां जो निःस्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। निश्चित रूप से इससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। इस दौरान 440 कुल मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें होम्योंपैथी 215 और आयुर्वेदिक 225 लोगों का उपचार किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. संगीता कौशिक, डॉ. राजकुमार कन्नौजे, मिथलेश ठाकुर, संतराम गेंदरे, मोहन लाल ठाकुर, बालाराम धुरव, मेशकुमार निशाद, संतोशी धुरव, सहित बडी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## क्षेत्र के लोगों में आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति विश्वास बढा : शर्मा





### कुंभ : 15 दिनों में 25 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं राजिम

# मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद राजिम कुंभ मेले की तैयारी में जुटे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ घोषणा के बाद राजिम में कुंभ मेले को लेकर क्षेत्र में हर्ष की लहर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को राजिम में आयोजित भक्तिन माता जयंती समारोह के अवसर पर अपार भीड़ के बीच कहा कि राजिम कुंभ मेले का वैभव फिर से लौटेगा मतलब राजिम कुंभ मेला इस बार होना सुनिश्चित हैं। सीएम की इस घोषणा के बाद जिले के आला अफसर राजिम कुंभ मेले की तैयारी में आज से ही जुट गए हैं। पर यह देखने वाली बात होगी कि मेला नए स्थल पर होगा कि अपने पुराने जगह महानदी किनारे महोत्सव स्थल में! सीएम की घोषणा के बाद समूचे राजिम क्षेत्र में कुंभ मेले को लेकर काफी उत्साह जनक वातावरण अभी से नजर आ रहा हैं। क्योंकि कुंभ मेले में भगवान शंकराचार्य स्वामी के दर्शन के अलावा देश और दुनिया के साधु-संतो, मनीषियो और नागा बाबाओं के चरणरज राजिम के पावन भूमि में पड़ता हैं।

माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक साधु-संतो के अमृत वचन, यज्ञ हवन, सभी विभागो के सरकारी स्टॉल से लोगों को नई जानकारी मिलता हैं व तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम यहां मंच से होता हैं। इस दौरान 15 दिनो के बीच 25 लाख से अधिक श्रद्धालु राजिम पहुंचते हैं। व्यापारी वर्ग और छोटे-छोटे दुकानदार भी अच्छी कमाई कर लेते हैं। छोटे बच्चो का मनोरंजन भी होता हैं। बता दें कि पिछले पांच वर्षो में कांग्रेस शासनकाल के दौरान प्रदेश की जनता भगवान शंकराचार्य स्वामी, संतो, मनीषियो और नागा बाबाओं के दर्शन एवं साधु-संतो के अमृत वचन से वंचित सा हो गए थे। लोगो को राजिम मेले का वैभव एक तरह से लुप्तप्राय सा महसुस होने लगा था।



### सदियों से लग रहा मेला

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा राजिम मेला भगवान श्री राजीव लोचन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगता है। ये मेला सदियो से लगता चला आ रहा है। तब की बात कुछ अलग थी। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य जब अलग हुआ तो यह मेला सरकारी रूप में होने लगा। राजिम के लोगों ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी और 15 वर्षों के डॉक्टर रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल का मेला भी देखा है। पिछले पांच साल में भूपेश बघेल के मुख्य मंत्रित्व काल वाला माघी पुन्नी मेला को भी देखे है। राजिम के लोगों को एक बात समझ में नही आता कि सरकार के मुखिया राजिम को भरपूर विकास करने का सोच रखती है पर अधिकारी चाहते क्यों नही?



### नया मेला मैदान काम अधूरा

प्रदेश में अब फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो लोगो को ये उम्मीद पहले से ही बन गई थी कि राजिम का वैभव कुंभ मेले के साथ ही लौटेगा। प्रदेश मंत्री मंडल में कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल धर्मस्व, संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं। इस लिहाज से इस बार कुंभ मेले का आनंद कई हजारो गुणा ज्यादा मिलेगा। राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने बताया कि राजिम कुंभ मेले की तैयारी को लेकर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कभी भी राजिम पहुंच सकते हैं। इधर नए मेला मैदान में इस बार फिर मेला लगना मुश्किल ही दिख रहा हैं। पिछले पांच साल में नए मेला मैंदान के लिए केवल कसरत ही होता रहा। मंत्री निरीक्षण में आते रहे और जिला स्तर के अधिकारी उन्हें नक्शा दिखा-दिखाकर बहलाते रहे। जबकि राजिम के मुख्य मंच से शासन में बैंठे लोगों ने एक नहीं कईयो बार ये घोषणा किया था कि मेला अगले साल से नए मैंदान में लगेगा और ऐसा करते-करते पूरा पांच साल गुजर गया। ये भी मालूम होना चाहिए कि 54 एकड़ जमीन को नया मेला मैदान के लिए आरक्षित कर करोड़ो रूपए की राशि भी स्वीकृत की गई थी। आज की स्थिति में इस नए मेला मैदान को देखा जाए तो सिर्फ बिजली विभाग का सब स्टेशन के अलावा केवल जमीन को समतल करने का काम हुआ हैं। मेला मैदान तो अपने स्वरूप में आ नहीं सका। अलबता इन पांच वर्षो में जिले के कई प्रभारी मंत्री सहित कलेक्टर एसपी भी बदलते चले गए।

### नया मेला स्थल में होगा कि पुराने में स्पष्ट नहीं

इस बार फिर यक्ष प्रश्न सामने हैं कि माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक लगने वाले 15 दिवसीय मेला इस बार कहां पर लगेगा? जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में क्या प्रयास करेंगे ये समय बताएगा? मेले के लिए अब 50 दिन का समय शेष रह गया हैं। बताना लाजिमी होगा कि पूर्व में इस जिले में रहे कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने इस काम को अच्छे से आगे बढ़ाया था। उसके बाद यहां क्रमशः नम्रता गांधी और प्रभात मलिक कलेक्टर के रूप में आए। ये भी दौड़ भाग किए मगर नए मेला मैदान अपने स्वरूप में नहीं आ पाया। कलेक्टर आकाश छिकारा की पोस्टिंग गरियाबंद में हुई मगर वे भी यहां से जल्दी चले गए। अब यहां नया कलेक्टर दीपक अग्रवाल आए हैं। श्री अग्रवाल साहब से राजिम की जनता को काफी उम्मीदे हैं। बहरहाल नया मेला स्थल में होगा कि पुराने में ये स्थिति जब तक स्पष्ट नहीं होगा तब तक लोगो के बीच उहापोह और संशय की स्थिति बनी रहेगी।

### मूलभूत सुविधाओं का लाभ देने शिविर का किया गया आयोजन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से तीन किलोमीटर दुर ग्राम पंचायत भाठीगढ में पीएम जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछडी जनजाति परिवारों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ देने शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में कमार और भुंजिया जनजाति के लोग शामिल हुए जिन्हे शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक पीवीटीजी बसाहटों में सभी शासकीय विभागों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा अनुरूप प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, पीएम–किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, हर घर नल, विद्युतिकरण, सड़क, वन अधिकार पट्टा, पीएम – मातृत्व वंदना योजना, पीएम–कौशल विकास योजना, पीएम–विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडो आवेदन प्राप्त किये गये। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच जिलेन्द्र नेगी, सचिव भोलाराम चक्रधारी, स्वास्थ्य से सुचित्र नागेश, गौरी चौहान, टंके"वर वर्मा, पदमनी धुरव, विद्यानंद प्रसाद, कुमारी साहू, चन्द्रशेखर सिन्हा, लिलेश्वरी नागेश, दामोदर नेगी, सुमित्र नेगी, उपसरपंच पुष्पा नेगी, बुधराम, कंवल सिंह, केशर राम, टेमनलाल, मायाबती, सुमरित, बिसाहू राम, चमरीन, हरि"चन्द्र, बनसाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी और सैकडो की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा पहुंचा रही लोगों तक केंद्र की योजनाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार द्वारा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम है जो सरकारी योजनाओं से अब तक नहीं जुड़ पाए है। उक्त बातें विकसित भारत संकल्प यात्रा में आज राजिम विधानसभा अंतर्गत जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत कनेसर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप राजिम विधायक रोहित साहू ने कही। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से अवगत कराया। इसके साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ उठानें हेतु उनके द्वारा आग्रह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि गणों ने भारत माता व सरस्वती माता के तैलचित्र पर पूजन -अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल के छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को आवेदनों को भेजा गया।

शिविर के दौरान विधायक रोहित साहू अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश शिविर प्रभारी को दिए। कार्यक्रम में छुरा के जनपद अध्यक्ष तोकेशवरी मांझी, सरपंच कामिनी ध्रुव,भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित, मंडल अध्यक्ष पाण्डुका संदीप पांडे, मंडल पीलूराम यादव, मंडल महामंत्री किशन कंडरा, प्रकाश सिन्हा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष गुलशन सिन्हा, महिला मोर्चा के अध्यक्ष तारिणी ध्रुव व पंचगण सभी विभागों से आए हुए अधिकारी कर्मचारी गण एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# शहीद राजेश ध्रुव इलेवन रवेली टीम ने जीता एपीएल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जय मां शीतला क्रिकेट टीम आमझर के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय 10 दिवसीय शीतकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आमझर प्रीमियर लीग(एपीएल 2023-24) का आयोजन किया गया। जिसमें गरियाबंद जिले की 42 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का निर्णायक मुकाबला रविवार को शहीद राजेश ध्रुव इलेवन रवेली वर्सेस जय मां शीतला क्रिकेट टीम आमझर के बीच खेला गया। पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने आई आमझर टीम की खराब शुरुआत के कारण पूरी टीम 7 ओवर में मात्र 20 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी रवेली टीम के विस्फोटक ओपनर तोरण ध्रुव 7 रन और राजा 17 रन नाबाद रनों की पारी के बदौलत 10 विकटो से आमझर प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया। ईनाम वितरण और सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पारस ठाकुर,नन्दे लाल दीवान,रमेश सिन्हा,रामकृष्ण दीवान और ग्राम के सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विजेता टीम शहीद राजेश ध्रुव इलेवन रवेली को 12001 रूपये नगद व चैम्पियन ट्राफी तथा उप विजेता जय मां शीतला क्रिकेट टीम आमझर को 6001 रूपये नगद व चैम्पियन ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल मैच में घातक गेंदबाजी करने वाले रवेली के खिलाड़ी सूरज ध्रुव 2 ओवर में 3 रन 3 विकेट को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में हरफनमौला खेल का प्रदर्शन करने वाले रवेली के खिलाड़ी अवध 136 रन 07 विकेट को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। अंत में आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा सभी टीमों, अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# संकल्प यात्रा पहुंची पिपरछेड़ी, केंद्र की योजनाओं का किया बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान छुरा विकासखंड के ग्राम पिपरछेड़ी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों को लेकर पहुंचा। इस दौरान आमजनों ने उत्साहपूर्वक मोदी की गारंटियों को सुना। इस संकल्प यात्रा से जनमानस का विश्वास मोदी पर प्रगाढ़ होता जा रहा है। यह जनसमस्याओं के निराकरण की यात्रा बन चुकी है। ग्रामीण जन मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से नरेंद्र मोदी के योजनाओं का बखान किया। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, अध्यक्षता ग्राम के सरपंच नीरा बाई ध्रुव, विशेष अतिथि के रूप में महामंत्री प्रकाश सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के युवा नेता गुलशन सिन्हा, उपसरपंच गोविंद यादव, बूथ अध्यक्ष अर्जुन मरकाम, सुकलाल मरकाम, बाबूलाल नागेश, रुपसिंग मरकाम, सज्जन यादव, गिरधर ध्रुव, बहुरसिंग ध्रुव उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के ध्रुव, बिहान समूह के अध्यक्ष संतोषी सिन्हा एवं समस्त अठारह विभाग के अधिकारी - कर्मचारी शामिल हुए।




